## सुदर्शना नगर में बनेगा रामलला का मंदिर

**बीकानेर,** (कासं)। अयोध्या की तर्ज पर ही बीकानेर के गुफा मंदिर, सुदर्शना नगर परिसर में रामलला का मंदिर बनेगा। इस मंदिर की विशेषता यह होगी की मंदिर में रामलला का स्वर्ण शृंगार होगा।

इस मंदिर में रामलला की मूर्ति केवल काले मार्बल की होगी। इसके अलावा पूरा मंदिर स्वर्ण आभा में चमकेगा। मूर्ति पर शृंगार उस्ता कला की डिजाइन में किया जायेगा। 30 गुणा 45 के हाल में ढाई फीट की चौकी पर 11.3 गुणा 11.3 के गर्भ गृह में लगने वाली रामलला की मूर्ति कोरियन मार्बल की कटिंग लेजर कटिंग से तैयार की जायेगी। इस मंदिर में लगने वाली रामलला की मूर्ति मेरठ से तैयार करवाई जा रही है। वहीं कोरियन मार्बल दिल्ली से आयेगा। यह रामलला की मूर्ति साढ़े चार फीट की होगी। मंदिर तक पहुंचने के लिए दो रास्ते होंगे। एक गुफा मंदिर से होकर जायेगा तथा दूसरा रास्ता सत्य शकुन विला सुदर्शना नगर की मुख्य सड़क से होगा। जिसकी चौड़ाई 15 फीट होगी।

गुफा मंदिर सेवा समिति के संरक्षक महावीर रांका, रवि शेखर मेघवाल और बसंत पंवार ने बताया कि इस मंदिर पर करीब डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक का खर्च आयेगा। बीकानेर में बनने वाले इस मंदिर के शिलान्यास 22 जनवरी को अर्जुनराम मेघवाल और यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका करेंगे। 22 जनवरी को ही अयोध्या में बने रामलला के मंदिर की पहली वर्षगांठ है। इस मंदिर के शिलान्यास की तैयारियां शुरू हो गई है।

# सर्जिकल एवं डायग्नोस्टिक तकनीक से पशु उपचार में प्रशिक्षण

**बीकानेर,**(कासं)। वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग द्वारा आई.सी.ए.आर. वित्त पोषित पशु चिकित्सा सर्जरी और डायग्नोस्टिक इमेजिंग में नवीन तकनीकों को फार्म एवं पालतू पशुओं में विभिन्न सर्जिकल परिस्थितियों के प्रबंधन में उपयोग विषय पर 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण मंगलवार को प्रारम्भ हुआ।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि वेटरनरी

- **इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 26 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं**




**सर्जिकल एवं डायग्नोस्टिक इमेजिंग तकनीक का पशु उपचार में उपयोग विषय पर प्रशिक्षण को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने संबोधित किया।**

महाविद्यालय के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग द्वारा पशु उपचार की कई तकनीकों को इजाद किया गया है। इस महाविद्यालय की शल्य चिकित्सा हेतु देश के ख्याति प्राप्त अग्रणी महाविद्यालयों की श्रेणी में गिनती की जाती है। हमें आधुनिक सर्जिकल एवं डायग्नोस्टिक तकनीकों के उपयोग पशु उपचार हेतु करना होगा। विद्यार्थियों को भी क्लीनिक्स में प्रायोगिक शिक्षा पर अधिक फोकस करना होगा।

प्रो. दीक्षित ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान नए कौशल को अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर डॉ. ए. के. घोरूई ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन प्रशिक्षणों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों के नई तकनीकों एवं ज्ञान को सीखने का मौका मिलता है। अतः हमें अधिक से अधिक इस प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहिए। अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच ने बताया कि महाविद्यालय के सर्जरी विभाग द्वारा देश में पहली लाइव एनिमल सर्जरी प्रेक्टिस को शुरू किया गया था। इस विभाग ने शल्य चिकित्सा की कई नई तकनीकों को भी इजाद किया है। प्रशिक्षण निदेशक प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 26 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। उन्हें व्याख्यान व प्रेक्टिकल के माध्यम से सर्जरी एवं डायग्नोस्टिक की विभिन्न तकनीकों को सीखने का मौका मिलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. साकार पालेचा एवं सह-समन्वयक डॉ. एस.के. झीरवाल और डॉ. अनिल कुमार बिश्नोई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, निदेशक पी.एम.ई. प्रो उर्मिला पानू, अधिष्ठाता डेयरी महाविद्यालय, बीछवाल प्रो. मनीषा माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनीता पारीक, विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक डॉ. टी. के. गहलोत, डॉ. आर. के. तंवर फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार बिश्नोई ने किया।

## प्रेमी के साथ भागी विवाहिता

**हनुमानगढ़,**(कासं)। एक विवाहिता घर से नकदी और जेवरात चोरी कर प्रेमी के साथ फरार हो गई।

पति को दोनों के अवैध संबंधों का पता था। उसने दोनों को कई बार समझाया लेकिन वे नहीं मानें। इस संबंध में पीलीबंगा पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। हैड कांस्टेबल राजकुमार ने बताया कि रोहिताश (32) पुत्र जगदीश जाट निवासी 2 सीएस, रोही जाखड़ांवाली ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि वह ढाणी के पास ही होटल चलाता है। उसके घर दीपक उर्फ संदीप पुत्र बलराम नाथ निवासी चक 51000 आरडी रोही जाखड़ांवाली का काफी आना-जाना था। दीपक उर्फ संदीप के उसकी पत्नी ममता के साथ अवैध संबंध थे। उसने अपनी पत्नी ममता और दीपक उर्फ संदीप को काफी बार इस बारे में समझाया लेकिन वे नहीं मानें।

25 दिसम्बर की सुबह करीब 6 बजे वह उठा तो देखा कि उसकी पत्नी ममता घर पर नहीं थी। उसने ममता की इधर-उधर तलाश की, नहीं मिलने पर इस बारे में पुलिस थाने में सूचना दी। दो जनवरी को अपने घर आया तो राकेश कासनिया मिला। उसने बताया कि 24 दिसम्बर को दिन में उसने उनके घर दीपक उर्फ संदीप को देखा था। वह अपने घर में कीमती सामान की जांच करें। तब उसने घर आकर अलमारी देखी तो उसका ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे करीब पचास हजार रूपए नकद व दो सोने की अंगूठी, एक सोने का कड़ा गायब था। उसकी पत्नी ममता व दीपक ने मिलकर रात्रि को उसके घर से नकदी-जेवरात की चोरी कर अपने साथ ले गए।

## सार-समाचार

### नाटक से दिया नशा मुक्त का संदेश



**गंगानगर में युवा खेल कबड्डी टूर्नामेंट में नाटक से नशा मुक्त और नशा युक्त जीवन का अंतर समझाया।**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गोविंदपुरा 18जीजी में युवाओं द्वारा नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत कबड्डी टूर्नामेंट और प्रेरणादायक नाटक का आयोजन किया गया। नशे के खिलाफ कार्यक्रम ने सामाजिक चेतना का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अनूठे आयोजन में खेल और कला का समावेश था। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत करवाना है। नाटक के माध्यम से नशा मुक्त और नशा युक्त जीवन का अंतर समझाया। कार्यक्रम के दौरान विक्रम ज्याणी, लक्ष्या ज्याणी, सहीराम और नीलम सहारण ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक ने नशे के आदी जीवन और नशा मुक्त जीवन के बीच का अंतर बहुत ही सरल और प्रभावशाली तरीके से दिखाया। नशा जीवन का जहर है, इसे कभी न अपनाएं। सफलता वही है, जो बिना नशे के मिलती है। नशा केवल शरीर को ही नहीं सपनों को भी तोड़ देता है। समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए नशा मुक्त रहना जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं ने नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने शपथ ली कि वे न केवल खुद नशा मुक्त रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। खेल का मुख्य आकर्षण कबड्डी टूर्नामेंट रहा, जिसमें युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। खेल के माध्यम से नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मकता ने सभी को प्रेरित किया।

### अहिल्या बाई की जयंती मनाई




**अहिल्या बाई होल्कर के जयंती समारोह को विधायक ताराचंद सारस्वत ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई द्वारा लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड के सदस्य ताराचंद सारस्वत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने की। मुख्य वक्ता ताराचंद सारस्वत ने अपने उद्बोधन में अहिल्या बाई होलकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिला शिक्षा में होलकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति आचार्य दीक्षित ने अहिल्या बाई होलकर के जीवन के संघर्षों, हिन्दू धर्म के प्रति उनकी आस्था, एवं उनके कुशल प्रशासक के रूप में किए कार्यों के लिए देवी अहिल्या बाई के जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की विश्वविद्यालय इकाई के समस्त सदस्यगण प्रोफेसर राजाराम चोयल, डॉ गौतम मेघवंशी, डॉ धर्मेश हरवानी, डॉअभिषेक वशिष्ठ, डॉ मेघना शर्मा, डॉ सीमा शर्मा, डॉ संतोष शेखावत, डॉ ज्योति लखानी, इत्यादि शिक्षक उपस्थित थे। इनके अलावा विभिन्न विभागों में कार्यरत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक विभाग के कर्मचारीगण डॉक्टर गिरिराज हर्ष, प्रोफेसर रविन्द्र मंगल एवं अतिथि शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रभूदान चारण ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अभिषेक वशिष्ठ द्वारा दिया गया।

### चीनी वायरस को लेकर अलर्ट

**बीकानेर,** (कासं)। कोरोना महामारी के बाद अब मानव मेटा न्यूमोनिक वायरस (एचएमपीवी) को लेकर लोग सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। सभी कलेक्टरों को अस्पतालों में बैड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन प्लांट आदि संसाधनों का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। बेंगलुरू और अहमदाबाद में डूंगरपुर की एक बच्ची में यह वायरस डिटेक्ट होने के बाद सोमवार को सरकार ने सभी कलेक्टरों और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किए हैं। पीबीएम हॉस्पिटल प्रशासन ने भी अपने संसाधन संभालने शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में लम्बा लॉकडाउन लगा रहा और लाखों लोगों की मौत भी हुई। लगभग 4 साल बाद इस महामारी से उबरने के बाद चैन की सांस ली ही थी कि अब एचएमपीवी को लेकर लोगों की नजरें टीवी और सोशल मीडिया पर टिकी हुई हैं। लक्षण सामान्य संक्रमण के समान होते हैं जैसे नाक बहना, खांसी-जुकाम, बुखार आदि और यह तीन से पांच दिनों के भीतर अपने आप सीमित हो जाता है। किसी विशिष्ट उपचार की आवश्यकता नहीं है। ह्यूमन मेटा न्यूमोनिक वायरस के कारण अक्सर सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण होते हैं, लेकिन कुछ लोग बहुत बीमार हो सकते हैं।

# खारा में 60 बीघा क्षेत्र में फैला जहरीला पानी, रोज मर रहे पशु

- **खारा औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित पानी के तीन तालाब बन चुके हैं, उनका जहरीला पानी पीने से पशु मर रहे हैं**
- **मृत पशुओं की सडांध से लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है, एन.जी.टी. में जाने की तैयारी**

**बीकानेर,**(कासं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र में वायु प्रदूषण के बाद अब जल प्रदूषण की समस्या गहरा गई है। इसके समाधान से रीको ने हाथ खींच लिए हैं। उद्यमी अब इस मुद्दे पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

बीछवाल और करणी औद्योगिक क्षेत्र में फैले फैक्ट्रियों के केमिकल युक्त जहरीले पानी की समस्या का समाधान दस साल बाद भी नहीं हो पाया है। इसके साथ ही अब खारा औद्योगिक क्षेत्र में भी ऐसी ही समस्या खड़ी हो गई है। वहां वूलन मिल, दाल मिल सहित विभिन्न फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित पानी के तीन तालाब बन चुके हैं। उसका पानी पीने से पशु मर रहे हैं, जिन्हें उठाने वाला कोई नहीं है।

मृत पशुओं की सडांध गांव तक जाती है तो लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है। खारा गांव के लोग पहले पीओपी फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित धुएं और गर्द से परेशान थे। अब प्रदूषित पानी समस्या बना हुआ है। दरअसल रीको के खारा ही नहीं करणी और बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में भी फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी सबसे बड़ी समस्या है।

हैरत की बात ये है कि रीको के सभी उद्यमियों से सर्विस चार्ज तो हर साल वसूला जाता है, लेकिन सुविधाओं पर खर्च कभी नहीं किया जाता। तीनों औद्योगिक क्षेत्रों में गंदे पानी की समस्या का समाधान सीईटीपी लगाने से ही संभव है। मगर रीको ने इस पर से हाथ खींच लिए है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इस समस्या का समाधान करने के लिए रीको एमडी को हाल ही में एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखा है। कलेक्टर ने साफ लिखा है कि गंदे पानी के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

रीको अधिकारियों का कहना है कि राजस्थान में कहीं पर भी रीको ने सीईटीपी नहीं लगाया है। यह रीको की पॉलिसी में नहीं आता। उद्यमियों को ही एक संचालन समिति गठित करके सीईटीपी लगाना होगा। रीको का रवैया देखते हुए उद्यमियों ने अब एनजीटी में जाने का फैसला किया है।

## 20 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**नोखा,**(कासं)। पुलिस व बीकानेर डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार रात को बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब से भरी पिकअप पकड़ी।

जानकारी के अनुसार डीएसटी टीम प्रभारी सीआई सत्यनारायण गोदारा व नोखा थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जिसमें पुलिस ने शराब से भरी एक पिकअप को पकड़ा, जिसमें अंग्रेजी शराब की 250 पेटी भरी हुई थी। पुलिस ने पिकअप सहित शराब को जब्त किया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि मनोहर लाल पुत्र किशना राम निवासी चिमड़ावास थाना चितलवाना जिला जालौर से एक पिकअप में भरी 250 पेटी अवैध करीब बीस लाख रूपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

# सुबह नौ बजे तक भी कोहरे से राहत नहीं

- **बीकानेर में नौ जनवरी तक पारा चार से छह डिग्री तक रह सकता है**

**बीकानेर,** (कासं)। तापमान में गिरावट का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। सर्दी के चलते बीकानेर में सुबह नो बजे तक भी कोहरे से राहत नहीं मिली। सूर्यदेव के दर्शन मुश्किल हो रहे हैं।

माना जा रहा है दिन में भी सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बीते चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य के आसपास ही है। आमतौर पर न्यूनतम पारा इतना ही रहता है।

मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी में स्पष्ट किया गया है कि बीकानेर में नौ जनवरी तक पारा चार से छह डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। वहीं दस दिसम्बर से तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि इसके बाद भी न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। ऐसे में दस जनवरी तक कड़ाके की सर्दी पड़नी तय है। इस बार दिसम्बर के अंतिम और जनवरी के पहले सप्ताह में इतनी सर्दी नहीं पड़ी जितनी दूसरे सप्ताह में होगी। बीकानेर के अलावा जोधपुर, नागौर, चूरू, अजमेर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में भी तापमान कम रहेगा। मौसम विभाग ने दस जनवरी तक की भविष्णवाणी दी है। इस अवधि में इन जिलों में पारा चार से छह डिग्री सेल्सियस के बीच हो सकता है। बीकानेर में सर्दी तेज होने से लूणकरनसर, अरजनसर, महाजन, नोखा रोड, जयपुर रोड कोहरे के कारण सुबह आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही कम रही। भारी ट्रक रात में सड़क किनारे खड़े हो रहे हैं।

# जीप को स्कार्पियो ने टक्कर मारी, बच्ची की मौत

- **दुर्घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया**
- **नोखा रोड पर कट से टर्न करते समय हुआ हादसा**

**बीकानेर,** (कासं)। नोखा रोड पर शाम को 4 बजे कट से टर्न कर रही जीप और स्कार्पियो की टक्कर हो गई। जीप सवार दो साल की बच्ची उछलकर नीचे गिरी और उसकी मौत हो गई।

गंगाशहर पुलिस थाने के एएसआई अरुण मिश्रा ने बताया कि सोमवार को सायंकाल नोखा रोड पर शहर की ओर से जीप पहुंची। उसके पीछे स्कार्पियो चल रही थी। रांका भवन और माणक गेस्ट हाउस के पास रोड पर बने से जीप इन्द्रा कॉलोनी जाने के लिए मुड़ी। इस दौरान पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी। जीप में सवार दो साल की उर्वशी उछलकर बाहर जा गिरी और उसे गंभीर चोट लगी।

उसे ट्रोमा सेंटर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका शव मुर्दाघर में रखवाया गया है। दुर्घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। देर तक किसी ने भी घटना के संबंध में गंगाशहर थाना पुलिस को रिपोर्ट नहीं दी। गंगाशहर थाना पुलिस को बच्ची के परिजनों के बारे में पता नहीं चल पाया। पीबीएम अस्पताल चौकी में भी परिजनों के बारे में जानकारी होने से इंकार किया गया। ट्रोमा सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची के पिता का नाम जयकिसन है।

## नोखा में 10 बजे तक कोहरा छाया

**नोखा,** (कासं)। नोखा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को मौसम ने करवट बदली है। अल सुबह से 10 बजे तक नोखा कोहरे में लिपटा रहा, तो सुबह सूर्योदय के बाद भी काफी देर तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। लोग सुबह सुबह घरों से बाहर कम निकले। हालांकि हवा में ठंड का असर जारी रहा।

कोहरा अधिक रहने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रही। ठंड होने के कारण चाट-पकौड़े की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। कोहरे से गेंहू सहित सभी फसलों को फायदा होगा। सोमवार रात से ही कोहरा छाने लगा और उजाला बढ़ने के साथ यह घना होता गया। कोहरा के कारण विजिबिलिटी प्रभावित हुई। दिन चढ़ने के साथ कोहरा तो छट गया लेकिन धुंध छाई रही। सुबह के समय विजिबिलिटी बहुत कम रही। रात को ओंस की बूंदें भी गिरी।

# बीकानेर में ऊंट उत्सव की तैयारियां जोरों पर

- **लक्ष्मीनाथ मंदिर से 10 जनवरी से शुरू होगी हेरिटेज वॉक जिसमें सजे-धजे ऊंट शामिल होंगे**

**बीकानेर,** (कासं)। यहां तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव की तैयारियां चल रही है। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि इस बार कई नवाचार किए जायेंगे। पहले दिन बीकानेर हैरिटेज वॉक की शुरूआत 10 जनवरी को सुबह साढ़े आठ बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर से होगी।

नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि देशी-विदेशी सैलानी मथेरण, बंधेज, पोट्री, सुनहरी कलम और साफा बांधने की कला से रूबरू हो सकेंगे। इस दौरान लोक कलाकार, रोबीले और सजे-धजे ऊंट भी साथ रहेंगे। भांडाशाह जैन मंदिर के पास हरियाणवी रागड़ी की प्रस्तुति दी जायेगी। हैरिटेज वॉक का काफिला यहां से चूड़ी बाजार की ओर बढ़ेगा। यहां लाख की चूड़ी बनाने की कला को दर्शाया जायेगा। सब्जी बाजार की ऐतिहासिक चौकी पर शहर की ऐतिहासिक रम्मत का प्रदर्शन किया जायेगा। यहां भुजिया, घेवर और जलेबी बनाने का लाइव प्रदर्शन किया जायेगा। वॉक के प्रतिभागी इनके स्वाद का लुत्फ भी उठायेंगे। यहीं जूती बनाने की कला का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

मरूनायक चौक में ब्लॉक और स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रदर्शन किया जायेगा। मोहता चौक के बड़े पाटे पर पारंपरिक भोजन बनाने का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रतिभागियों को कचौड़ी खिलाई जायेगी। भपंग वादन का प्रदर्शन भी किया जायेगा। मोहता चौक में ही बीकानेर की प्रसिद्ध रबड़ी लाइव बनाई जायेगी। लोक कलाकारों की ओर से गणगौर के गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी और कठपुतली के खेल के माध्यम से विभिन्न संदेश दिए जायेंगे। वॉक का समापन लगभग 11 बजे रामपुरिया हवेलियों के पास होगा। यहां उस्ता कला, हवेली संगीत और कच्छी घोड़ी का प्रदर्शन किया जायेगा। निगम आयुक्त ने वॉक समन्वयक गोपाल सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारियों के साथ कई बार रूट का जायजा लिया। निगम आयुक्त द्वारा पर्यटन क्षेत्र से जुड़ लोगों, होटल व्यवसायियों तथा पुलिस एवं अधिकारियों के साथ बैठक गई है।

# बीकानेर की कला एवं संस्कृति और नवाचारों से रूबरू होंगे बूंदी के युवा

**बीकानेर,** (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय भारत सरकार के अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में पांच दिवसीय आवासीय कार्यक्रम में बूंदी जिले के 27 युवा मंगलवार को बीकानेर पहुंचे। इसके साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बूंदी के यह युवा बीकानेर की संस्कृति और विभिन्न नवाचारों से परिचित होंगे।



**बीकानेर जिला प्रमुख मोडाराम ने नेहरू युवा केन्द्र का युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।**

- **युवाओं को बीकानेर की कला एवं संस्कृति और इसके इतिहास के बारे में बताया**

उदासर के एक मरूधर होटल में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल मौजूद थे। उन्होंने युवाओं को बीकानेर की कला एवं संस्कृति और इसके इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बीकानेर की संस्कृति और परमपराएं देशभर में विशेष पहचान रखती है। बूंदी के युवा इससे परिचित हों और इसे समझने का प्रयास करें। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने बीकानेर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य, गंगा जमुनी तहजीब, लेखन परंपरा, लोक नाट्य रम्मत, पाटा संस्कृति आदि के बारे में बताया।

उन्होंने बीकानेर की स्थापना से लेकर अब तक हुए प्रमुख बदलावों, तीज त्योहारों की जानकारी दी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के बारे में बताया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाले रोजगार मेलों और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला युवा अधिकारी रूबी पाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया।

# एक से 9 फरवरी तक सेना भर्ती रैली, तैयारी के दिए निर्देश

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्टेडियम में 1 से 9 फरवरी तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इसकी पूर्व तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने कहा कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से भर्ती संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का मौका निरीक्षण करते हुए तैयारियों को समय पर पूर्ण करें। सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर निगम हीटर व ब्लोवर कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध करवाए। उन्होंने नगर निगम एवं यूआईटी को परीक्षा स्थल व ट्रैक की सफाई, मोबाइल टॉयलेट, फायर ब्रिगेड, पार्किंग व लाइट की व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार टेबल व कुर्सियां, टैंट तथा जनरेटर सैट से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाएं समय पर करवाने के निर्देश दिए। एडीएम ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेडियम के बाहर और भीतर आवश्यक जाब्ता तैनात करने के साथ रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड, धर्मशालाओं में भी सुरक्षा प्रबंध किए जाए।



**सेना भर्ती रैली की तैयारी बैठक को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ( नगर ) रमेश देव ने संबोधित किया।**

भर्ती रैली स्थल के पास यातायात की पुख्ता व्यवस्था परिवहन, रोडवेज एवं यातायात विभाग द्वारा की जाए। परीक्षार्थियों के आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करने, ऑटो रिक्शा को पाबंद किया जाए। एडीएम ने पीडब्लयूडी एवं जिला खेल अधिकारी को निर्धारित मापदंड के अनुसार रैली ट्रैक तैयार करने व हाई जंप के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने को कहा।